# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**31 July 2026**

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में समान नागरिक संहिता (UCC) के कार्यान्वयन और मसौदे के लिए गठित अधिकार संपन्न समिति की अध्यक्ष कौन हैं?**

(A) न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना

**(B) न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई**

(C) न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा

(D) न्यायमूर्ति हिमा कोहली

राजस्थान में समान नागरिक संहिता (UCC) के कार्यान्वयन और मसौदे के लिए गठित अधिकार संपन्न समिति की अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई हैं।

- राजस्थान में समान नागरिक संहिता [UCC] के कार्यान्वयन की समीक्षा करने, जनता से 5 अगस्त तक राय व सुझाव एकत्रित करने और राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए गठित अधिकार संपन्न समिति।
- UCC कानून के तहत परिवर्तन – विवाह और तलाक का अनिवार्य पंजीकरण, बहुविवाह पर पूर्ण प्रतिबंध, लिव-इन रिलेशनशिप का अनिवार्य पंजीकरण और पैतृक संपत्ति में पुत्र और पुत्रियों दोनों के लिए समान अधिकार शामिल हैं

# Yesterday Revision

**प्रश्न 1: सर्बिया के नोवी साद में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड (SH1) इवेंट में किस खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक जीता है?**

**उत्तर: राजस्थान (गंगापुर सिटी) के राहुल शर्मा ने।**

**प्रश्न 2: राजस्थान के 11 राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में 'राजस्थानी भाषा अध्ययन केंद्र' स्थापित करने के निर्देश किसके द्वारा दिए गए हैं?**

**उत्तर: राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे द्वारा।**

**प्रश्न 3: इस वर्ष 15 अगस्त 2026 को राजस्थान का राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह कहाँ आयोजित किया जाएगा?**

**उत्तर: बीकानेर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में।**

**प्रश्न 4: राजस्थान में "मिशन पढ़ो राजस्थान" के तहत 29 जुलाई 2026 से शुरू हुए 'रीडिंग प्रमोशन कैंपेन 2026' का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

**उत्तर: बच्चों में पढ़ने की आदत डालना और उनके भाषा कौशल को मजबूत करना।**

**प्रश्न 5: राजस्थान में प्रथम एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता-2026 का आयोजन कहाँ किया गया है?**

**उत्तर: जयपुर के जगतपुरा स्थित आर्चरी (शूटिंग) रेंज में।**

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट-2026 के सब-जूनियर वर्ग में राजस्थान के तीरंदाजों ने एक रजत और दो कांस्य सहित तीन पदक जीते

(B) राजस्थान में जयपुर के जगतपुरा आर्चरी रेंज में टूर्नामेंट आयोजित हुआ

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- जगतपुरा आर्चरी रेंज में आयोजित प्रथम एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट-2026 के सब-जूनियर वर्ग में राजस्थान के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और दो कांस्य सहित तीन पदक जीते।
- सब-जूनियर रिकर्व बालक वर्ग में राजस्थान के अथर्व शर्मा ने रजत पदक हासिल किया। इस वर्ग में महाराष्ट्र के अभ्युदय अमोल पाखले ने स्वर्ण पदक जीता।
- सब-जूनियर रिकर्व बालिका वर्ग में राजस्थान की धृति शर्मा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में झारखंड की खुशी कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता
- वहीं सब-जूनियर कंपाउंड बालक वर्ग में राजस्थान के आर्यन पारीक ने कांस्य पदक हासिल किया
- जगतपुरा आर्चरी (शूटिंग) रेंज, जयपुर में प्रथम एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट-2026 का आयोजन 23 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक सात दिनों तक किया गया था।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) भारतीय रेलवे की देश की पहली वंदे भारत प्लेटफॉर्म आधारित सुपरफास्ट पार्सल रैक (Freight EMU) का परीक्षण राजस्थान के कोटा मंडल में हुआ है

(2) यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के भविष्य के हाई-स्पीड फ्रेट नेटवर्क की दिशा में महत्वपूर्ण है

**सही कथन चुनिए:**



(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- भारतीय रेलवे की देश की पहली वंदे भारत प्लेटफॉर्म आधारित सुपरफास्ट पार्सल रैक (Freight EMU) का परीक्षण राजस्थान के कोटा मंडल में 29 जुलाई को शुरू हो गया है, जहाँ इसने ट्रायल के दौरान 145 किमी/घंटा की टॉप स्पीड दर्ज की है
- यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के भविष्य के हाई-स्पीड फ्रेट नेटवर्क की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसे एकीकृत कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) चेन्नई ने विकसित किया है।
- इस प्रोटोटाइप रेक का कोटा-नागदा-सवाई माधोपुर सेक्शन पर तकनीकी परीक्षण किया जा रहा है
- इसमें रेफ्रिजरेटेड पार्सल सुविधा, फोर्ड वेंटिलेशन, न्यूमेटिक रिट्रैक्टेबल रोलर फ्लोर, प्रति कोच चार स्वचालित चौड़े स्लाइडिंग द्वार, सीसीटीवी, एलईडी लाइटिंग, अग्नि पहचान प्रणाली, कंटेनर लॉकिंग व्यवस्था तथा वंदे भारत ट्रेनसेट जैसी अत्याधुनिक ब्रेक एवं प्रोपल्शन प्रणाली उपलब्ध है।
- सुरक्षा की दृष्टि से 5 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक गति पर सभी द्वार स्वतः लॉक हो जाते हैं तथा सभी द्वार बंद होने की पुष्टि के बिना रेक का संचालन संभव नहीं है।

03. दिल्ली के भारत मंडपम् में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव में राजस्थान से किसे विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) दिया कुमारी

(C) गजेन्द्र सिंह खींवसर

(D) गजेन्द्र सिंह शेखावत



**Important Facts:**

- दिल्ली के भारत मंडपम् में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।
- महोत्सव के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रतिनिधिमंडल ने दिया कुमारी से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण दिया।
- स्वदेशी व्यापार, उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के व्यापार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजस्थान सरकार और प्रदेश के व्यापारियों की विशेष भागीदारी रहेगी।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 8 जिलों में स्थाई लोक अदालतों के गठन का किया अनुमोदन

(2) इन अदालतों के माध्यम से आमजन के आपसी विवादों का त्वरित और किफायती समाधान आपसी सहमति से हो सकेगा

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 8 जिलों में स्थाई लोक अदालतों के गठन का किया अनुमोदन
- फलौदी, डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा, ब्यावर, बाड़मेर,डीग,कोटपूतली-बहरोड़ और सलूम्बर में खुलेंगी अदालतें
- इन अदालतों के माध्यम से आमजन के आपसी विवादों का त्वरित और किफायती समाधान आपसी सहमति से हो सकेगा।
- नवगठित जिलों के स्थानीय नागरिकों को अपने क्षेत्र के नजदीक ही कानूनी राहत मिलने से नियमित अदालतों पर मुकदमों का भार भी कम होगा

05. देहरादून की त्रिशूल शूटिंग रेंज में आयोजित जसपाल राणा मेमोरियल कप  में जयपुर के 22 राइफल शूटर मोहम्मद अंसारी ने कौनसा मेडल जीता है ?



(A) रजत पदक

(B) स्वर्ण पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- देहरादून की त्रिशूल शूटिंग रेंज में आयोजित जसपाल राणा मेमोरियल कप जुलाई-2026 (इंडिया ओपन) में जयपुर के 22 राइफल शूटर मोहम्मद अंसारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- अंसारी ने 600 में से 577 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- उनके कोच अब्दुल खालिद (शेरखान) ने बताया कि मोहम्मद आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी कर रहे हैं और उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है

जयपुर, बुधवार, 29 जुलाइ, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-160

1 **हाड़ौती** क्षेत्र की किस बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना को 'कोटा, बारां और झालावाड़' जिलों की जीवनरेखा माना गया है?
(A) चंबल सिंचाई परियोजना
(B) कालीसिंध बांध परियोजना
(C) नवनेरा बैराज
(D) परवन बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना

2 **सड़क** निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान को देश में कौन सा स्थान प्राप्त हुआ है?
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

3 **'भारत** टैक्सी' किस मॉडल पर आधारित मोबिलिटी प्लेटफॉर्म है?
(A) पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप
(B) सहकारिता आधारित स्वामित्व मॉडल
(C) पूर्णतः सरकारी नियंत्रण मॉडल
(D) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश मॉडल

4 **टेलीमेडिसिन** सेवा का क्या नाम है, जिसके जरिए मरीज, विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श ले रहे हैं?
(A) ई-आरोग्य
(B) ई-संजीवनी
(C) ई-सुश्रुत
(D) ई-चिकित्सा

5 **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत कोटा जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) क्वार्ट्ज
(B) कोटा डोरिया
(C) सेण्ड स्टोन
(D) थेवा आभूषण

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. इस वर्ष 15 अगस्त 2026 को राजस्थान का राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह राजस्थान में कहां आयोजित किया जाएगा?**

(A) अलवर

(B) बीकानेर

(C) जोधपुर

(D) जयपुर

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine